## खबर संक्षेप

### सांसद ने सुखेजा के निधन पर जताया दुख

**छिन्दवाड़ा।** शहर के प्रतिष्ठित व सदाशिव ट्रेडर्स के संचालक शंकरलाल सुखेजा के निधन की सांसद बंटी विवेक साहू को इंदौर प्रवास के दौरान सूचना मिलने पर उन्होंने दुख व्यक्त किया है। सांसद श्री साहू ने भगवान से प्रार्थना की है कि वे स्वर्गीय शंकरलाल सुखेजा की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करें, साथ ही शोकाकुल परिवारजनों में सुभाष सुखेजा, दीपक सुखेजा, राहुल सुखेजा, सुमित सुखेजा, ऋषभ सुखेजा व कृष सुखेजा और सुखेजा परिवार को इस दुखः को सहन करने की शक्ति दे। विदित हो कि स्वर्गीय शंकरलाल सुखेजा श्याम सुन्दर सुखेजा के बड़े भाई व स्वर्गीय रमेशलाल सुखेजा के छोटे भाई एवं रोहित सुखेजा के पिता थे। जिनकी अंत्येष्टि शुक्रवार को मोक्ष धाम में की गई।

### होम स्टे के प्रचार पोस्टर का विमोचन

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों और वहाँ बने सुंदर होम स्टे के प्रचार पोस्टर का विमोचन कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में किया गया। यह पोस्टर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने प्रकाशित करवाया है, जिसे जिले के प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इसे लंबी दूरी की बसों सहित सभी होटल्स व रेस्टोरेंट में भी लगाया जाए। पोस्टर में पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, काजरा, चिमटीपुर, धूसावानी, गुमतरा, देवगढ़ की विस्तृत वर्णन व होम स्टे बुकिंग के नंबर दिए गए हैं, ताकि देश में कहीं से भी होम स्टे बुक किया जा सके। पोस्टर विमोचन अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत, पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, वरिष्ठ पत्रकार सर्व श्री रत्नेश जैन, राजेश करमेले, महेंद्र राय, मुकेश तिवारी, तौफीक मिस्किनी, देवेंद्र ठाकुर उपस्थित थे।

## पूर्व में मीरा कोटा मार्ग पर माहुलझिर पुलिस पकड़ चुकी है रेत से भरा ट्रैक्टर

# देलाखारी-तामिया पुलिस नहीं कर रही रेत माफियाओं पर कार्रवाई, बेखौफ निकल रहे रेत से भरे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया तहसील भर में रेत चोर पूरी तरह से प्रशासन पर हावी है। हावी होने का कारण जो भी हो। इन रेत चोरों ने राजस्व एवं वन भूमि की नदियो जगह-जगह रेत खदान बनाकर बेखौफ होकर रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं रेत की सप्लाई भी आसानी से हो रही है जिसके चलते शासन को लाखों रुपए राजस्व की हानि के साथ-साथ पर्यावरण को भी जमकर हानि हो रही है। रेत चोरों को जिम्मेदारों का भी खौफ नहीं रहा।

अब आलम यह है कि कुआं बादला की ओर से आने वाली रेत अब दिन के उजाले में खुलेआम ट्रकों, ट्रैक्टरों, से लाई जा रही हैं। प्रशासन की नाकामी के चलते रेत का अवैध कारोबार तामिया मै जमकर लगातार फलता




फूलता चला आ रहा है जिस पर लगाम लगाने में प्रशासनिक अमला पूरी. तरहअसफल ही साबित हो रहा है। तहसीलदार एवं खनिज निरीक्षक द्वारा रेत के वाहन पकड़े गए लेकिन चोरी रोकने में ना काफी साबित हुए, वहीं रेत चोरी पकड़ने में गृह विभाग ने पुलिस को अलग- कर रखा जिसके कारण रेत चोरों में भय नाम की चीज नहीं है। इस कारण भी रेत चोरी में इजाफा हुआ है। लेकिन पिछले दिनों माहुलझिर पुलिस ने मीरा कोटा कुरंगला मार्ग पर रेत का ट्रैक्टर गस्ती के दौरान पकड़ा और राजस्व विभाग को सौंपा।

इस कार्रवाई से थाना क्षेत्र में रेत चोरी पर वर्तमान में अंकुश लगा है। तामिया थाने की देलाखारी चौकी क्षेत्र की नदी नालों से रेत चोरी के वाहन तामिया थाने की ओर रेत लेकर आते हैं। यदि देलाखिरी पुलिस एवं तामिया पुलिस माहुल झिर की तर्ज पर यदि रेत के वाहनों पर कार्रवाई करे तो यहां पर भी रेत की चोरी पर अंकुश लग सकता है, क्योंकि खनिज निरीक्षक एवं तहसीलदार रेत के वाहन पकड़ने में ज्यादा रुचि नहीं रखते। इस कारण तामियां पुलिस को ही शासन एवं पर्यावरण के हित में में रेत चोरी रोकने आगे आना होगा। जब माहुलझिर पुलिस कार्यवाही कर सकती है तो तामिया देलाखारी पुलिस क्यों नहीं।

## राजस्व, पुलिस, खनिज विभाग ने की कार्यवाही

# अवैध भण्डारण पाये जाने पर 67 ट्रॉली रेत जप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग परासिया के संयुक्त दल द्वारा तहसील परासिया के अंतर्गत क्षेत्रों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं एसडीएम परासिया श्री पुष्पेंद्र निगम के निर्देशानुसार तथा प्रभारी खनि अधिकारी श्री रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा की तहसील परासिया के अंतर्गत खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग परासिया के संयुक्त दल द्वारा गत दिवस तहसील परासिया के अंतर्गत क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान तहसील परासिया के अंतर्गत ग्राम लोहांगी में खनिज रेत का अवैध रूप से लगभग 135 घनमीटर (लगभग 45 ट्राली) तथा ग्राम पलटवाड़ा व तेंदूखेड़ा में खनिज रेत का लगभग 66 घनमीटर (लगभग 22 ट्राली) अवैध भंडारण किया जाना पाया गया। इन दोनों क्षेत्रों पर रेत का अवैध रूप से भण्डारण किया जाना पाते हुए मालिकाना हक के अभाव में अवैध रेत कुल मात्रा 201 घनमीटर को समक्ष पंच लावारिस जप्त कर रेत को आगामी आदेश मौका मौजूद निविदा एमडीओ प्रतिनिधि की सुपुर्दगी में सुरक्षार्थ प्रदान किया गया है। क्षेत्र पर पाए गए खनिज रेत भण्डारण के संबंध में खनि नियमाधीन प्रावधानो के अंतर्गत आगामी कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर वास्ते निराकरण वरिष्ठ स्तर पर प्रेषित किया गया। साथ ही जांच पड़ताल के दौरान ग्राम लोहांगी पेंच नदी क्षेत्र के पास रेत निकासी के लिये वैकल्पिक अस्थाई मार्ग बनाया जाना पाया गया। इस वैकल्पिक मार्ग को अवैध रेत निकासी पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत मौके पर पंचो की उपस्थिति में खुर्द-बुर्द किया गया। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार परासिया श्री राम सूर्यवंशी, सहायक खनि अधिकारी श्री महेश नगपुरे, ग्राम कोटवार, एमडीओ प्रतिनिधि तथा राजस्व, खनिज व पुलिस विभाग का संयुक्त अमला सम्मिलित रहा।

## बाल वाटिका के बच्चों का दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन



**छिन्दवाड़ा।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा में एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत बाल वाटिका-3 में अध्यनरत बच्चों के सत्र के समापन के बाद बाल वाटिका शिक्षिकाएं श्रीमती समीना सिरजी और श्रीमती स्वाती वर्मा की पहल पर बाल वाटिका-3 में पढ़ने वाले नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए आज प्रतीकात्मक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरि प्रसाद धारकर ने विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक डिग्री का वितरण किया। साथ ही विगत दिनों आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रथम आने पर आना सोमकुंवर और अयांश धुर्वे, द्वितीय आने पर पावनी डेहरिया और अथर्व डोले एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अनाम नाज़ और धीरेन्द्र साहू को प्राचार्य श्री धारकर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए प्राचार्य श्री धारकर ने बाल वाटिका की शिक्षिकाओं श्रीमती समीना और श्रीमती स्वाति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की । दीक्षांत समारोह में प्रभारी प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा डेविड एवं वरिष्ठ शिक्षक श्री विपिन कुमार झा भी उपस्थित थे।

## नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 के तहत रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के अनुक्रम में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार छिंदवाड़ा जिले में नगरीय निकायों के निर्वाचन के तहत रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के नगरीय निकाय न्यूटन चिखली के वार्ड नंबर-4 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव होंगे। यह पद अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है।

उपचुनाव के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के अंतर्गत 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि को आधार मानकर तैयार की गई। मतदाता सूची के प्रारूप का सार्वजनिक प्रकाशन आज नगरपालिका वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर कर दिया गया है। इसी कड़ी में पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के लिये जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.मेहरा, इंटरनेशनल एवं नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर प्रो.डॉ.पी.एन. सनेसर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी वार्ड नंबर-4 की प्रारूप मतदाता सूची की एक-एक प्रति प्रदाय की गई और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सहयोग का आग्रह किया गया।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री मेहरा ने बताया कि जिले में केवल एक नगरीय निकाय नगर पालिका परिषद न्यूटन चिखली के वार्ड नंबर-4 में रिक्त पार्षद के पद के लिए आगामी समय में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उप चुनाव होंगे।

### श्री हेड़ाऊ की घंटी से गूंजेगा शासकीय विद्यालय चाँद

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के विद्यालयों में गुणोत्तर विकास कार्यक्रम के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन में विद्यालयों में अधोसंरचना विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में नगर के लोगों को विद्यालय विकास से जोड़ा जा रहा है। राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि जिले के अधिकारी शासकीय विद्यालयों में गुणोत्तर विकास पर बहुत ध्यान दे रहे है। उन्ही से प्रेरित होकर उन्होंने विद्यालय उपहार योजना के तहत नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी श्री राजू हेड़ाऊ से अनुरोध किया और उन्होंने विद्यालय को ढाई किलो पीतल की घंटी व एक समई भेंट की । उनके द्वारा भेंट की घण्टी से विद्यालय परिसर गूंजेगा और समई से होगा पूजन अर्चन। विद्यालय उन्नयन के लिये अधोसंरचना विकास में योगदान देने वाले सभी महानुभावों का विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया है ।

## लोधीखेड़ा के कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सौंसर।** नगर कांग्रेस कमेटी लोधीखेड़ा की ओर से शुक्रवार को पांढुर्णा कलेक्टर कोविभिन्न समस्याओं को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के दौरान कांग्रेस नेताओं के द्वारा लोधीखेड़ा क्षेत्र क्या अंतर्गत आने वाली समस्याओं को लेकर भी पांढुर्णा कलेक्टर से चर्चा की हैं ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पूर्व में लोक निर्माण मंत्री के नाम लोधीखेड़ा–रेमंड मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के दौरान कांग्रेस नेता ने बताया कि लोधी खेड़ा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपकर जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई है। इस दौरान नगर पंचायत लोधीखेड़ा उपाध्यक्ष नरेंद्र नंदू राय,विलास जोगी, नारायण भगत, विनायक बल्कि,मानिक कोल्हटकर,प्रेमराज भागवत,श्रीकांत तिड़के,आशिष गोखे सुधीर सोनकुसरे, सागर साखरे,आलोक भोगे, राहुल धकाते, अश्विन रायकवार, पुनीत रायकवार, निखिल राय, गौरव रंभाडे, उपस्थित थे।



## चित्रलेखा ने भगवान की लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान परिसर में प्रख्यात भागवत आचार्य कथा वाचक देवी चित्रलेखा के मुख से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा वाचन के दौरान मोहगांव हवेली के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से महिला पुरुषों युवाओं के अलावा शिव भक्त श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के लिए पहुंच रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान विभिन्न प्रसंग पर कथावाचक देवी चित्रलेखा के द्वारा भगवान के विभिन्न लीलाओं का वर्णन बड़े ही सुंदर शब्दों में किया जा रहा है।

### जल संसाधन विभाग में बिदाई समारोह का हुआ आयोजन



**सौंसर।** शुक्रवार को तहसील कार्यालय परिसर में बने जल संसाधन विभाग सौसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जल संसाधन विभाग में सुपरवाइजर पद पर पदस्थ सुरेश गाडगे को सेवानिवृत्ति पर स्वागत सत्कार करते हुए विदाई दी गई।बिदाई समारोह में एसडीओ श्रीमती संजना चौधरी द्वारा कर्मचारी का शाल तथा श्रीफल देकर स्वागत करते हुए श्री गाडगे के उज्जवल सुखद एवं स्वस्थ मंगलमय जीवन की ईश्वर से कामना की। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों के द्वारा सुपरवाइजर पद पर प्रदेश श्री गाडगे के द्वारा विभाग के सेवाकाल में किए गए कार्यों की प्रशंसा की।अपने खट्टे-मीठे अनुभव को साथियों के बीच में साझा करते हुए सेवानिवृत हुए सुरेश गाडगे कहा कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का मुझे सेवाकाल के दौरान हमेशा साथ सहयोग मिला है।

## महापौर-आयुक्त ने की विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम सभाकक्ष में नगर निगम महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निगम के सभापति, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिधि उपस्थित हुए। बैठक में 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी ने अपने विचार रखे। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि विवाह सम्मेलन की तिथि से 45 दिन पूर्व से आवेदक विवाह हेतु आवेदन कर सकते है।

## एसडीएम ने किया मैच का शुभारंभ

### शुक्रवार को केमिस्ट लीग में खेले गए पांच मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिला औषधी विक्रेता संघ की केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में रोजाना ही रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसी क्रम में दूसरे दिन केमिस्ट प्रीमियर लीग में पांच मुकाबले खेले गए। शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा एसडीएम सुधीर जैन, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर , निखिल बारस्कर एवं लीला बजोलिया उपस्थित थे।

इस दौरान जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष संतोष चौरे सचिव अजय मालवीय कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार लांबा, सुश्री अर्पणा तेलंग, अमित राय एवं जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी एवं समस्त जिले से आई 10 टीम उपस्थित थी। संघ के मीडिया प्रभारी शक्ति दुबे ने बताया कि शुक्रवार को केमिस्ट लीग के पांच मैच खेले गए। जिसमे केमिस्ट लीग का पहला मुकाबला छिंदवाड़ा टाइगर और सिंगोड़ी इलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए छिंदवाड़ा टाइगर्स ने 8 ओवर में 129 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करने उतरी सिंगोड़ी इलेवन मात्र 68 रन बनाकर ढेर हो गई।

दूसरा मैच सौसर इलेवन और नवेगांव इलेवन के मध्य खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी सौसर इलेवन ने 58 रन का टारगेट दिया। जिसे नवेगांव इलेवन ने तीसरे ओवर में ही हासिल कर लिया। तीसरा मैच रॉयल चलेंजर्स बिछुआ व छिंदवाड़ा लॉयंस के बीच खेला गया, जिसमें रॉयल चलेंजर्स बिछुआ ने टॉस जीतकर पहले बेटिंग ली, जिसमे रॉयल चलेंजर्स ने 8 ओवरों में 49 रन का लक्ष्य रखा, जिसे छिंदवाड़ा लॉयंस ने 2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल किया। चौथा मैच ड्रैगन उमरानाला इलेवन और छिंदवाड़ा पैंथर्स के बीच खेला गया। ड्रैगन ने ने टॉस जीता और पहले करने का फैसला लिया। जिसमे ताबड़तोड़ 137 नर बनाए गए। वहीं स्कोर का पीछा करने उतरी छिंदवाड़ा पैंथर्स निर्धारित ओवरों में 105 रन ही बना पाई।

## कक्षा 12वीं के अंग्रेजी व कक्षा 10वीं के उर्दू विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा सम्पन्न

# बारहवीं की परीक्षा में 333 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा जिले में स्थापित 133 एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 29 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में 155 परीक्षा केन्द्रों में शुक्रवार को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 12वीं में 18013 दर्ज विद्यार्थियों में से 17680 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 333 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 12 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये, जिसमें से 6 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 20 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 61 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।

इसी प्रकार बनाये गये 05 परीक्षा केन्द्रों में शुक्रवार को कक्षा 10वीं के उर्दू विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 33 दर्ज विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 04 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 02 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 160 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई। परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दृष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

## जाहिर सूचना

मैं ईश्वरी पवार मेरी गाड़ी का नंबर एमपी 28 जी 3836 है। मैंने यह गाड़ी महिंद्रा फाइनेंस से फाइनेंस करवाई थी जिसकी एनओसी मुझे प्राप्त हो चुकी थी परंतु बाद में यह एनओसी गुम हो चुकी है। जिसकी दूसरी प्रति मैं महिंद्रा फाइनेंस से प्राप्त करना चाहता हूं जिसके लिए मैंने फाइनेंस कंपनी में आवेदन किया हूं। अतः मुझे एनओसी की दूसरी प्रति उपलब्ध करवाने की कृपा करें।

भवदीय
ईश्वरी पवार

कार्यकर्ता सम्मेलन में सरकार पर बोला हमला, बड़ी संख्या में मौजूद रहे कार्यकर्ता

# भ्रष्टाचार की राजधानी बना मध्यप्रदेश: कमलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

म.प्र. भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है, राज्य में निवेश विश्वास से आता है ना कि व्यापारिक सम्मेलनों से। यह वक्तव्य पूर्व सीएम कमलनाथ ने पांढुर्ना में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में दिया। इन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार के साधन नहीं होने के कारण युवा बेरोजगार संघर्ष करते हुए भटक रहे है। प्रदेश सरकार की अदूरदर्शी नीतियों के कारण प्रदेश चौपट होने की कगार पर पहुंच चुका है। कमलनाथ ने आमजनता से अपील की कि आप मेरा नहीं सच्चाई का साथ दीजिए।

पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा ने पांढुर्ना केवल चुनावी लाभ लेने के लिए ही जिला बनाया। जिला बनाए जाने के एक साल बाद भी कलेक्टर और एसपी के अलावा किसी भी उच्चाधिकारी की यहां पोस्टिंग नहीं की गई। इस नए जिले में फंड की सख्त जरूरत है लेकिन भाजपा सरकार ने बीते वर्ष में कोई फंड प्रदान नहीं किया है।



विधायक निलेश उईके ने कहा कि कांग्रेस के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा सरकार के इशारे पर झूठे मामलों में फंसाने की भरपूर कोशिश की गई थी। लोगों की आंखें खुल चुकी है आनेवाले समय में आप प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पाएंगे। पांढुर्ना वासियों की सुविधा के लिए कमलनाथ ने जिस दादाधाम और ऐसे ही अनेक ट्रेनों को यहां स्टॉपेज दिलाए थे आज वें सब बंद पडे है। यहां भाजपा नेताओं ने क्षमता नहीं की वे इन ट्रेनों के स्टॉपेज चालू करा सके। पांढुर्ना जिले में विकास कार्यों की हर ईंट पर कमलनाथ का नाम लिखा है। सौंसर विधायक विजय चौरे ने अपने संबोधन में कहा कि अब लाडली बिटिया नहीं चलनेवाली। जिन कांग्रेसियों को भाजपा में जाना था वें चले गए अब यहां जो बचे है वे 24 कैरेट है। हमारे युवाओं के पास जनता के लिए संघर्ष करने के लिए ढेरों मुद्दें है। अगले चुनाव में कांग्रेस अपना खोया जनादेश पाकर रहेगी।

इनके अलावा जिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा जोगी, पांढुर्ना प्रभारी रामू टेकाम तथा पूर्व विधायक जतन उईके ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनमें जोश भरा। इस अवसर पर छिंदवाडा, सौंसर एवं पांढुर्ना से समस्त वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सौंसर में 11 लाख के होंगे विकास कार्य

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने सौंसर विकासखण्ड के ग्रामों में 11 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने अपनी सांसद निधि से बानाबाकोड़ा में 9 लाख रूपये सड़क निर्माण के लिए दिये है वहीं ग्राम लिंगा रंगमंच निर्माण के लिए 2 लाख की राशि स्वीकृत की है। उक्त दोनों कार्य स्वीकृत होने पर ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले का लगातार दौरा करते हुए करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर रहे है। इस दौरान वहां के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के द्वारा अन्य विकास कार्यों के लिए भी उनके समक्ष मांग रखी जाकर उन्हें पत्र दिए जा रहे है। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू अपनी सांसद निधि देते हुए एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार से पत्राचार कर वहां से भी विकास कार्यों के लिए राशि मांग रहे है। केन्द्र एवं राज्य सरकार से भी छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए फंड उपलब्ध करा रही है।

इस संबंध में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी की मंशा है कि शहरवासियों के साथ-साथ ग्रामीणजनों को भी हर बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो। इसी को लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए फंड की कमी नहीं

## पीएम विश्वकर्मा योजना में हजारों लोगों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के हजारों बेरोजगार लोगों को ट्रेनिंग एवं लोन के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना में सरकार द्वारा बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, दर्जी, नाई, मोची, मूर्तिकार, खिलौना निर्माता आदि के रोजगार से जुड़े हजारों लोगों को आर्थिक सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, उक्त आशय की जानकारी सांसद बंटी विवेक साहू ने देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 17 दिसंबर 2023 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की थी।

सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच थी कि हमारे देश में कई पारंपरिक कारीगर आर्थिक रूप से कमजोर है। इन लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए अभी तक कोई योजना नहीं थी। जिसे ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई।

सांसद श्री साहू ने कहा कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिन्दवाड़ा के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लोन वितरण के तहत अभी तक कुल 3055 आवेदन विभिन्न बैंकों में लोन हेतु भेजे गये है, जिसमें 665 लोगों के लिए 5 करोड़ 86 लाख 53 हजार 149 की राशि स्वीकृत की जा चुकी है, जिसमें से 462 लोगों को 4 करोड़ 08 लाख 18 हजार 152 रूपये लोन के रूप में वितरित हो चुके है। सांसद श्री साहू ने कहा कि हितग्राहियों को लोन वितरण के साथ ही उन्हें तकनीकी और आधुनिक क्षेत्रों में कुषल कार्य करने के लिए प्रषिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे अपना रोजगार व स्वरोजगार स्थापित कर सफलता अर्जित कर सके।

# मृदुल महाराज के मुखारबिंद से चल रही भागवत कथा, भक्तों की लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





श्री रघुबीर साहू व श्रीमती दुर्गा बाई साहू और डॉ राजेश साहू एवं डॉ श्रीमती मेघा साहू के तत्वावधान में पोला ग्राउंड दशहरा मैदान छिंदवाड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस अर्थात विश्राम दिवस की कथा में कथा व्यास आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने मुक्ति के बारे में बताया कि मोक्ष अर्थात मुक्ति पांच प्रकार की होती है।

प्रथम प्रकार की मुक्ति को सारष्टि मुक्ति कहते हैं। इसमें जीव को भगवान का दर्जा प्राप्त हो जाता है। द्वितीय प्रकार की मुक्ति को , सालोक्य मुक्ति कहते हैं। इसमें जीव को भगवान का धाम प्राप्त हो जाता है। तृतीय प्रकार की मुक्ति को सारूप्य मुक्ति कहते हैं । इसमें जीव को भगवान का स्वरूप प्राप्त हो जाता है। चौथी प्रकार की मुक्ति को सामीप्य मुक्ति कहते हैं। इसमें जीव भगवान के पास निवास करता है। पांचवें प्रकार की मुक्ति को एकत्व अर्थात सायुज्य मुक्ति कहते हैं। इसमें जीव ब्रह्म में विलीन हो जाता है।श्रीमद्भागवत और श्रीमद्भगवद्गीता के अंतर को स्पष्ट करते हुए महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत और श्रीमद्भगवत गीता में बहुत अंतर है। श्री मद्भागवत स्वयं साक्षात श्रीकृष्ण भगवान हैं तथा श्रीमद्भगवत गीता भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से निकली हुई उनकी वाणी है। श्रीमद्भागवत में 335 अध्याय, 12 स्कंध व 18 हजार श्लोक हैं और श्रीमद्भगवद्गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं।महाराज श्री ने कहा कि संधिकाल के समय हमें चार प्रकार के कार्य नहीं करना चाहिए।

शास्त्रों में ये वर्जित हैं - सोना नहीं चाहिए, पति-पत्नी में संसर्ग नहीं होना चाहिए इससे दुष्ट संतति उत्पन्न होती है, पढ़ना नहीं चाहिए और भोजन नहीं करना चाहिए इससे स्वास्थ्य सम्बन्धी विकार उत्पन्न होते हैं।

स्यमन्तक मणि की कथा में महाराज श्री ने सत्य के बारे में बताया कि सत्य को छिपाया जा सकता है लेकिन मिटाया नहीं जा सकता है। सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति परेशान हो सकता है परंतु उसको पराजित नहीं किया जा सकता है । साधारण व्यक्ति की क्या कहें भगवान पर भी स्यमन्तक मणि को चुराने का कलंक लगा था। सत्राजित ने अपनी शंका के आधार पर भगवान श्रीकृष्ण पर मणि चोरी करने और प्रसेन की हत्या करने का आरोप लगा दिया । श्रीकृष्ण जी ने मणि खोजकर सत्राजित को दे दी और खुद को निर्दोष साबित किया । सत्यमेव जयते।

महाराज श्री ने कथा में दहेज जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने पर भी बल दिया।महाराज श्री भौमासुर का संहार करके सोलह हजार एक सौ कन्याओं को उसके बंधन से मुक्त करके उनका वरण करने, ऊषा अनुरुद्ध विवाह की सुंदर कथा एवं द्विविध नामक वानर का बलराम जी महाराज के द्वारा बध, भीम और जरासंध के युद्ध और जरासंध के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। सुदामा चरित्र की कथा में महाराज श्री ने बताया कि निर्धनता और दरिद्रता में बहुत अंतर है। सुदामा जी निर्धन हो सकते हैं परंतु वे दरिद्र नहीं है।

# पगारा में बेखौफ चल रहा सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

इन दिनों कोयलांचल अवैध कारोबार की जद में हैं । अवैध उत्खनन , अवैध परिवहन के साथ - साथ अवैध रूप से सट्टे का कारोबार बेखौफ जारी है । न्यूटन चौकी क्षेत्र के पगारा में जहां सट्टा बेखौफ जारी है , वहीं परासिया शहर के वार्ड 14 और नपा कार्यालय के समीप सट्टे में जमकर लगवाड़ी आ रही है ।एक ओर जहां प्रशासन अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने गंभीर नजर आ रहा है । वहीं इस काम को करने वाले भी कम नहीं है । अपने अवैध कामों को अंजाम देने के लिए कोई न कोई सेटिंग बैठा लेते हैं । तभी तो परासिया से एक बंदा दोपहर में रोजाना पगारा जाकर सट्टा लिख रहा है । खबर है , कि इस पर दो तीन बार पुलिस ने मामला भी बनाया है । उसके बावजूद इसे कोई खौफ नहीं है । मतलब साफ है , कि सेटिंग तगड़ी है । इसी तरह परासिया नपा कार्यालय के ईर्द - गिर्द और वार्ड 14 में सट्टा खिलाया जा रहा है ।बिजौरी में होता है बड़ा खेल :- परासिया , पगारा में सट्टा खिलाने वाले थोड़ा दब कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं , लेकिन तामिया के बिजौरी में सट्टा खेलने और खिलाने में कोई डर नहीं है । यहां सट्टे का बड़ा खेल एक अर्से से जारी है । अंकुश क्यों नहीं लग रहा है , कहने की आवश्यकता नहीं है ।

## आज दिखेगा पाक रमजान शरीफ माह का चांद



**सिंगोड़ी:** आज दिखेगा पाक रमजान शरीफ माह का चांद रविवार से पहला रोजा रखेंगे मुस्लिम समुदाय। इस पाक महीने में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा रोजा नमाज वा विशेष इबादत किया जाता है। सिंगोड़ी अंजुमन सदर इलमन मिस्किनी ने बताया की माह-ए-रमजान इस वर्ष दो मार्च से शुरू हो रहा है रोजादारों और नमाजियों के लिए विशेष इंतेजाम मस्जिदों में किया जा रहा है सिंगोड़ी सहित आसपास की मस्जिदों में साफ सफाई और रोशनी कर दी गई है ताकि विशेष नमाज तारहवी बिना परेशानी की हो सके। वही जामा मस्जिद सिंगोड़ी के पेश इमाम हाफिजो कारी हाजी नौशाद आजमी ने बताया की शुक्रवार को 29 का चांद दिखने की उम्मीद थी मगर देर रात तक कही से भी चांद दिखने की पुष्टि नहीं हुई इस लिए यह तय हो गया की शनिवार को चांद दिखेगा और इतवार से पहला रोजा होगा। वही बताया कि माह-ए- रमजान में हर बालिग मुस्लिम धर्मावल्मवी के ऊपर रमजान शरीफ का रोजा फर्ज है जिसे हर हाल में रखना ही होता है। फर्ज इबादत के साथ यतीम गरीब बेसहारा लोगो की मादत भी करना होता है।

## भिक्खु संघ के सम्मान में सड़क पर उतरेगी भारतीय बौध्द महासभा

**सौंसर।** बौध्दगया में बीती रात बोधगया महाबोधि विहार परिसर में आंदोलन कर रहे भिक्खु संघ के साथ में प्रशासन द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर बुद्ध अंबेडकर समाज में विरोध पनप रहा है। शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रभान बागडे जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने बताया की भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजरत्न आंबेडकर एवं प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ नेतृत्व में भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से इस घटना की निंदा विरोध प्रदर्शन और प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।बौद्ध पदाधिकारियों ने आगे बताया कि विगत 12 फरवरी 2025 से खुले आसमान के नीचे बुध्दगया में महाबोधि महाविहार परिसर पूज्य भदत आकाश लामा के नेतृत्व में महाबोधि महाविहार बोधगया में,ब्राह्मणों के हाथों से मुक्ति, 1949 एक्ट को समाप्त करने,महाबोधि महाविहार को बौद्धों के हाथों में सोपने की मांग को लेकर भिक्खु संघ के साथ में आमरण अनशन आंदोलन किया जा रहा था। गुरुवार 27 फरवरी की रात्रि 1 बजे प्रशासन के द्वारा बलपूर्वक अनैतिक तरीके से सभी भिक्खु संघ को यहां से हटाया गया है। जिसकी भारतीय बौद्ध महासभा,बौध्द समाज कड़ी निंदा करती है।तथागत बुद्ध को मानने वाले अनुयायी विश्व के 122 देशो में है। दुनिया का हरेक धर्म की पवित्र जगह उनके अनुवायीयों के पास होती है, सम्राट अशोक है जिन्होंने भारत को विश्वगुरु बनाया है, भिक्खू भिक्खुनी ने बुद्ध के विचार पूरे दुनिया में फैलाए है।आज उन्ही बौध्द भिक्खुओं के त्याग बलिदान है की पूरी दुनिया में भारत को सम्मान मिल रहा है। सरकार में बैठे हुए जनप्रतिनिधि जब विश्व भ्रमण पर जाते हैं तो बुद्ध के देश से आया हूं कहते हैं। उन्ही बोध्द भिक्खु संघ के साथ में बिहार प्रशासन सरकार के द्वारा बर्बरता पूर्वक व्यवहार किया जा रहा है। हमारी मांग है कि महाबोधि महाविहार जो पूरी तरह से बुद्धिज्म का है वहाँ से ब्राह्मणों का अतिक्रमण हटा कर, भिक्खुओं को सौप देना चाहिये, बोधगया महाविहार में बने 1949 के एक्ट को तत्काल समाप्त करना चाहिए,महाबोधि परिसर और उसके बाजू की 3 किलोमीटर क्षेत्र को भिक्खूओ को देना चाहिए।

लोकल यूथ सर्वेयर द्वारा भुगतान सहित अन्य मांगो को पूरा करने की मांग

# गिरदावरी कार्य का भुगतान करने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



राजस्व विभाग द्वारा फसल गिरदावरी डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य हेतु प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम में माह जुलाई 2024 में ऑनलाईन पोर्टल द्वारा हम लोकल यूथ की नियुक्ति हुई थी, जिसमें सभी लोकल यूथ ने शासन द्वारा प्रदाय कार्य को विकट स्थितियों के बावजूद पूरी ईमानदारी और लगन के साथ तय समय सीमा में पूर्ण किया है और वर्तमान में शासन द्वारा प्रदाय कार्य फॉर्मर आईडी बनाने में पूरी ईमानदारी से संलग्न है, परंतु 1 अगस्त से 15 अक्टूबर तक किए गये खरीफ डिजिटल कॉप सर्वे कार्य का परिश्रमिक हम लोकल यूथ को आज दिनांक तक अप्राप्त है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। जिसके संबंध में आज लोकल यूथ सर्वेयर द्वारा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे से खरीफ फसल गिरदावरी कार्य का भुगतान प्रदान करने का अनुरोध के साथ डिजिटल कॉप सर्वे में निजीकरण पर रोक लगाते हुए लोकल यूथ को राजस्व अमले के संरक्षण में रखकर किसानों से संबंधित सभी कार्य मात्र लोकल यूथ के माध्यम से कराये जाने तथा लोकल यूथ सर्वेयर को शासन द्वारा नियमित रोजगार और निश्चित मासिक मानदेय दिया जाने एवं लोकल यूथ सर्वेयर को शासन द्वारा पहचान पत्र जारी किए जाने की मांग की गई है। इस दौरान सर्वेयर द्वारा कोटेश्वर महोत्सव में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में चर्चा करने हेतु भेंट कराने का निवेदन किया है। विधायक श्री कर्राहे को ज्ञापन देने के दौरान लोकल यूथ सर्वेयर के भूपेंद्र मेश्राम, शुभम गेडाम, रंजीत येड़े, दुलीचंद कावड़े, मुकेश रावते, आकाश मेश्राम, धर्मेंद्र बागडे एवं अन्य उपस्थित रहे।

# महाकाल सेना उकवा के नेतृत्व मे निकाली गयी भव्य शिव बारात

हरिभूमि न्यूज उकवा।



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर महाकाल सेना उकवा द्वारा भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया जो शिव मंदिर प्रांगण से सुरु होकर रेंज ऑफिस चौक एवं बसस्टैंड होते हुए मोईल कॉलोनी तत्पश्चात सम्पूर्ण बस्ती ब्रमण करते हुए शिव मंदिर प्रांगण में समापन किया गया एवं समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मुख्यत ट्रेनयान आर्ट ग्रुप सिरसा (हरियाणा)एवं भव्य धुमाल ग्रुप एवं somu dj सोनपुरी एवं निखिल इवेंट का बेजोड़ संगम रहा वही बारात का स्वागत जगह जगह किया वही ग्राम पंचायत उकवा के उपसरपंच शिवशंकर तिवारी ने बताया की बाबा महाकाल को छोटी हल्दी 26फरवरी को एवं 27फरवरी को बड़ी हल्दी करके बड़े ही धूम धाम से बाबा महाकाल की बारात निकाली गयी एवं सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक़ एवं सहसचिव संतोष सोनी द्वारा पोहे एवं सरबत एवं पेयजल की व्यस्था की गयी वही ग्राम वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत उकवा सरपंच सुश्री अनुसुईया छत्रिया उपसरपंच शिव शंकर तिवारी, राजेंद्र पाण्डेय,मुकेश नीलमरकर, नरेंद्र मांगरे,ललित सिक्का, तपन राजा चौधरी,राहुल गिरी,अशोक राउत, अशोक जिजोतिया,सुनील पाण्डेय,संतोष नागवंशी आदि उपस्थित थे वही कार्यक्रम को सफल बनाने में महाकाल सेना अध्यक्ष आकाश तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष सुमित बांगरे,ललित रजक, गगन मांगरे,अंकित पन्द्रे,योगेंद्र तिवारी, निखिल सेन्द्रे, इशू भारद्वाज, अंकुश मांगरे,राजा पंचभावे,नितेश फूदने,ओम गोलेन्द्र,नितेश ठाकरे,युगल सेन्द्रे,आर्यन गिरी, नितेश राउत, प्रवीण मेश्राम, रितेश संस्वार,अतुल वलके,समीर संस्वार, राज झारिया, राहुल यादव, मिक्की,पियूष राउत, कृष्णा बांधे,मयंक सोनवाने,जय गोले,दीपेश मांगरे आदि समिति के सदस्यो का भरपूर सहयोग मिला पुलिस प्रशासन का सम्पूर्ण कार्यक्रम में भरपूर सहयोग मिला।

## कार व बाईक की टक्कर में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम मेहंदीवाड़ा व झालीवाड़ा के बीच बाईक व कार की सीधी टक्कर में बाईक सवार की उपचार के दौरान शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में मौत हो गई। पिछले 3 दिनों में यह लगातार तीसरी घटना है, जिसमें 3 लोगों की मौत हो चुकी है।



जानकारी अनुसार तिरोड़ी निवासी सैफ खान अपनी कार से झालीवाड़ा की ओर से वारासिवनी की ओर आ रहे थे, वहीं ग्राम सिंगोड़ी निवासी प्रदीप बिसेन 55 वर्ष अपनी मोटर साईकिल से मेहंदीवाड़ा से सिंगोड़ी की ओर जा रहे थे। रात्रि लगभग सवा सात बजे जब दोनों वाहन सवार ग्राम मेहंदीवाड़ा व झालीवाड़ा के बीच में स्थित संचेती सारटेक्स के पास पहुँचे, तभी दोनों वाहनों में सीधी भिडंत हो गई। जिससे बाईक सवार प्रदीप बिसेन कार से टकरा कर सडक़ पर गिर पड़े और उनकी बाईक व कार दोनों ही क्षतिग्रस्त हो गए।

इस दुर्घटना को देखकर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।इस बीच एक ग्रामीण द्वारा 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई। इसी बीच ग्राम झालीवाड़ा की ओर से अपनी कार से वारासिवनी निवासी गोविंद टेंभरे वारासिवनी आ रहे थे। जब उन्होंने घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ देखी, तो अपना वाहन उतर कर उन्होंने स्थिति को जाना और 108 एम्बुलेंस को देरी होते देखकर घायल प्रदीप बिसेन को कार चालक सैफ खान व ग्रामीणों की सहयोग से अपनी कार में रखवा कर तत्काल शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती करवाया।

हजारों की संख्या में शिवभक्त पहुंच रहे कोटेश्वर धाम

# कोटेश्वर धाम में ग्रामीण चिकित्सक संघ ने बांटे फल



हरिभूमि न्यूज लांजी।

महाशिवरात्रि पर्व से शुरू हुए कोटेश्वर महोत्सव और मंडई टेकरी मैदान में आयोजित मेले में रोजाना ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे है। इसी के साथ भगवान कोटेश्वर महोदव मंदिर में भी दर्शन करने वालों की लंबी कतारे रोजाना देखने को मिल रही है। जिसमें अनेक सामाजिक संगठन और शिवभक्त भगवान कोटेश्वर महादेव की सेवा में अनेको आयोजन कर रहे है इसी कड़ी में 28 फरवरी शुक्रवार को बाबा कोटेश्वर धाम लांजी के प्रांगण में ग्रामीण चिकित्सक संघ बालाघाट लांजी किरनापुर के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ रेवेंद्र कुमार बोपचे एवं संघ सचिव डॉ जी.एम. क्षीरसागर, डॉ टी.के. राय, डॉ वीरेंद्र खोंगल, डॉ राजेंद्र कबीरे, डॉ नेवारे डॉ सुमरन दशरिया एवं संघ समस्त चिकित्सक साथियों के सहयोग से फल वितरण किया गया जिसमें विधायक राजकुमार कर्राहे भी उपस्थित रहे।

पड़ोसी युवक के जागने पर भागे, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

# रात्रि में पार्किंग का दरवाजा लांघकर अंदर घुसे युवक

**पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े हो रहे सवाल?**

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर 5 लालबर्रा मार्ग पर स्थित इंदिरा मेमोरियल कान्वेंट स्कूल की पार्किंग में गुरुवार की रात्रि अज्ञात युवकों का अंदर घुसने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। यह वीडियो रात लगभग 1 बजकर45 मिनट का हैं। घटना के तत्काल बाद ही इसकी सूचना रात्रि के समय गश्त कर रही पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी लेने के बाद उन अज्ञात युवकों को ढूंढने का प्रयास किया गया। मगर पुलिस को उनका पता नही चल सका। फिलहाल स्कूल प्रबंधन द्वारा इसकी लिखित जानकारी वारासिवनी पुलिस को दे दी गई हैं।



**स्कूल की पार्किंग के बंद दरवाजे से कूदकर अंदर किया प्रवेश:** वीडियो फुटेज के आधार पर 5 अज्ञात युवक दौडक़र आते है और एक-एक करके तीन युवक गेट से कूदकर स्कूल की पार्किंग के अंदर प्रवेश करते हैं। वही दो युवक बहार खड़े रहकर कोई आ तो नहीं रहा हैं, इधर उधर देखते रहते है। लगभग दो मिनट अंदर रहने के बाद फिर तीनों युवक बाहर आते है और फिर पांचो युवक वहाँ से भाग जाते हैं। वहीं एक युवक के हाथ में सफेद रंग का एक थैला भी दिखाई दे रहा हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांचो अज्ञात युवक वारासिवनी रेल्वे स्टेशन की ओर से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार इन अज्ञात पांचो युवकों ने बस स्टेण्ड के निजी होटल में खाना भी खाया हैं।

प्रत्यक्षदर्शी सत्यम बर्वे ने बताया कि स्कूल के बगत में मेरा घर हैं। रात लगभग पौने 2 बजे मुझे कुछ आवाज सुनाई दी, तो मैंने घर के बाहर आकर देखा। मुझे देखकर स्कूल के दरवाजे व दीवार से कूदकर युवक भाग निकले। मैंने उन्हें आवाज लगाया, तो भी वह नहीं रुके और भाग गए। वह किस मकसद से वहाँ घुसे थे? मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं हैं।

# किरनापुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में एन. सी. एस. टी. सी., डी. एस. टी., जी. ओ. आई. एवं मध्यप्रदेश काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालयीन वॉल पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, साइंटिफिक रंगोली, भाषण, वाद- विवाद, प्रश्नमंच एवं विज्ञान मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ₹विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना₹ विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के महान वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन के योगदान को याद कर विज्ञान के महत्व को बताना था। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में कार्तिकेय जायसवाल SDM किरनापुर, विशिष्ट अतिथि रामकुमार राणा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति स्व दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर, डॉ सुनीता जैन प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय किरनापुर, कार्यक्रम संयोजक बुद्धवर्धन फुलमारे विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र, सह संयोजक डॉ. दीपिका भूवाल, तीरथ सिन्हा विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान सहित समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।



अपने स्वागतीय उदबोधन में डॉ सुनीता जैन ने संस्थागत परिचय देते हुए सभी को विज्ञान दिवस के आयोजन के मूल उद्देश्य को बताया। उन्होने कहा कि विकसित भारत का स्वप्न स्वीकार करने के लिए युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण होगा ।

डॉ सुनीता जैन ने इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिन विद्यार्थियो को विज्ञान के प्रति प्रेरित करने एवं लोगो को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने के लिए आयोजित किया जाता है। विज्ञान ने हर युग में मानवीय सोच को एक नया आयाम दिया है। आज का यह दिन भारत की युवा पीढ़ी को अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करता है।

मुख्य अतिथि श्री कार्तिकेय जायसवाल ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि विद्यार्थियों को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर सीखने का प्रयास करना चाहिए एवं अपने अन्दर कुछ नया सीखने का जुनून बनाए रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्री रामकुमार राणा जी ने अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी श्री कार्तिकेय जायसवाल जी को युवाओं का प्रेरणा श्रोत बताया एवं क्षेत्र के साथ साथ महाविद्यालय के विकास में सहयोग के लिए निवेदन किया ।

**खबर संक्षेप**

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाएं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार 28 फरवरी को हाई स्कूल परीक्षा विषय उर्दू जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें 262 दर्ज परीक्षार्थियों में 251 उपस्थित, 11 अनुपस्थित रहे। इसी तरह हायर सेकेण्डरी अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के 80 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई जिसमें कुल दर्ज 11331 परीक्षार्थियों में से 11139 उपस्थित एवं 192 अनुपस्थित रहे तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई में जिलास्तरीय निरीक्षण दल द्वारा एक नकल प्रकरण पाया गया।

### स्टेंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी.एल.चनाप की अध्यक्षता में नगर पालिकाओं के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार 28 मार्च 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चनाप द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अवगत कराया कि सिवनी नगरपालिका के प्रारूप प्रकाशन 24 वार्डों में 86158 मतदाता हैं। जिसमें 42459 पुरूष एवं 42695 महिला एवं 04 अन्य मतदाता शामिल हैं। शुक्रवार 28 फरवरी 2025 से 08 मार्च दोपहर 3.00 बजे तक प्रारूप मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।

# शहर में आवारा कुत्तों का आतंक, राहगीर परेशान



शहर मे आवारा कुत्तों का आतंक नगर के हर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है और यह कुत्ते इतने खतरनाक होते जा रहे है कि किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते है। वाहनों के पीछे यह कुत्ते बहुत खतरनाक तरीके से दौड़ रहे है और इससे अनेक वाहन चालक चोटिल भी हो रहे है। कुत्तों का इस प्रकार वाहनों के पीछा करना किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

यह आवारा कुत्ते चाहे कोई आम हो या खास किसी को भी बख्शने को तैयार नहीं है। सुबह टहलने निकलने वालों को कुत्तों ने बुरी तरह आतंकित कर रखा है। टहलने जाने वाले इन आतंकित करने वाले कुत्तो से इस कदर भयभीत रहते है कि उनका पूरा ध्यान कुत्तों में ही रहता है। कई बार यह कुत्ते उन्हें दौड़ाते भी है। कुत्तो के आतंकपूर्ण तेवरों से बचने के लिये टहलने वालों को इन पर पूरी नजर रखना पड़ता है और किसी तरह अपने आपको बचाते हुये सुरक्षित वापस होने पर राहत की सांस लेते है। आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिये आम नागरिक नगर पालिका प्रशासन से अपने पार्षदों गुहार लगाते है परंतु पार्षद और नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी कोई ध्यान नहीं देते। आवारा कुत्तों के आतंक से हर कोई परेशान है, सुबह के समय और रात्रि में इन कुत्तों का सडक्रो पर झुंड का झुंड दिखाई देता है और इनका खं खार रूप दशहत बनाने के लिये काफी होता है। आने जाने वालों पर यह झपटने की कोशिश भी करते है। वहीं नगरीय क्षेत्र की गलियों में आवारा कुत्तों के कारण मुहल्ले वाले बेहद परेशान रहते है। झुंडों में खड़े इन कुत्तों के कारण आम आदमी जहाँ दहशत में रहता है वहीं बच्चे रास्ता बदलकर निकलते है ।

आवारा कुत्तों ने अनेक व्यक्तियों को अपना शिकार भी बनाया है और इनकी निरंतर बढ़ती संख्या अप्रिय घटनाओं का कारण बनती है परंतु अनेक बार आम जनों की शिकायतो के बाद भी नगरीय प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। गत वर्षों में आवारा कुत्ते दुखद घटनाओं को कारित कर चुके है। यह आवारा कुत्ते वाहनों के पीछे जिस तरह से अचानक भौंकते हुये दौड़ते है वह बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आम नागरिकों ने जिला प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की है कि नगरीय प्रशासन को आवारा कुत्तो को शहर से बाहर करने का निर्देश जारी करें ।



सिवनी में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

## खाद्य आपूर्ति विभाग की अधिकारी 40 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय में छापा मारा और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ज्योति पटले को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। यह रिश्वत कारीरात धान खरीदी केंद्र और सोसायटी के सुचारू संचालन के एवज में मांगी गई थी। फरयादी संतराम कनोजिया से आरोपी ज्योति पटले, सेल्समैन कैलाश सनोडिया के जरिए रिश्वत की राशि ले रही थी। लोकायुक्त की इस कार्रवाई ने भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी की पोल खोल दी। देखना होगा कि इस मामले में और क्या खुलासे होते हैं।

मध्य प्रदेश में छावा फिल्म हुई टैक्स फ्री

## सिवनी में मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश का नहीं हो रहा पालन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पड़ोसी जिले जबलपुर में शिवाजी जयंती समारोह के दौरान छावा फिल्म को पूरे मध्यप्रदेश में टैक्स फी करने की घोषणा कर दिया है। यह घोषणा राजपूत क्षत्रिय-मराठा की मांग पर की गई है। किंतु देखने में आ रहा है की मध्यप्रदेश के जिला सिवनी के सिनेमा घरों में चल रही छावा फिल्म टैक्स फी होने के बावजूद भी फिल्म देखने की पूरी टिकट ली जा रही है। और सिनेमा घर के मालिकों द्वारा फिल्म टैक्स फ्री का प्रचार प्रसार नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार सिवनी में मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ज्ञात हो कि यह फिल्म इतिहास पर आधारित है और सही तथ्यों को दर्शाती है। मुख्यमंत्री की घोषणा पर



जिले वासियों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी का धन्यवाद देते हुए खुशी मनाई है। लोगों का कहना है कि यह फिल्म हर सनातनी को देखनी चाहिए। फिल्म में हिंदू धर्म की रक्षा के लिए वीरों द्वारा

# राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस सिवनी में 1 से 4 मार्च तक

### 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त होंगे शामिल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में 01 से 04 मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान स्थानीय निकायों के निर्वाचन में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार 02 मार्च को कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ होगा। प्रथम सत्र में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग सचिव श्री अभिषेक सिंह द्वारा ई-पोलिंग बूथ तथा पेपरलेश बूथ के माध्यम से प्रदेश में पंचायत निर्वाचन कराए जाने की प्रक्रिया का प्रेजेंटेशन दिया जाएगा तथा फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी तरह स्वचलित लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया के संबंध में आन्ध्रप्रदेश निर्वाचन आयोग आयुक्त श्रीमती नीलम साहनी द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। द्वितीय सत्र में राज्य आयुक्तों की स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक आयोजित होगी। जिसमें स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। सोमवार 03 मार्च को स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया के उन्नयन के लिए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाकर लोकतंत्र को मजबूत करने, दूरस्थ मतदाता के पंजीयन तथा ऑनलाईन मतदान की कार्ययोजना सहित स्थानीय निर्वाचन में नवीन तकनीकों को अपनाऐं जाने जैसे विभिन्न बिंदुओ पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। साथ ही इलेक्ट्रानिक कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रिकल्स कार्पोरेशन, आईआईटी लिमिटेड बैंगलोर प्रतिनिधियों सहित अन्य निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराने संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा नए इनोवेशन की जानकारी दी जाएगी। 04 मार्च को राज्य आयुक्तों का शैक्षणिक भ्रमण होगा। इस दौरान मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेश बूथ का प्रदर्शन किया जाएगा।

कॉन्फ्रेंस में आंध्र प्रदेश की राज्य निर्वाचन आयुक्त नीलम साहनी, दिल्ली-चण्डीगढ़ के डॉ. विजय देव, गोवा के दौलत हवलदार, झारखण्ड के डॉ. बी.के. तिवारी, कर्नाटक के जी.एस. संगरेशी, राजस्थान के मधुकर गुप्ता, उड़ीसा के मधुसूदन पाधी, तेलंगाना की आई. रानी कुमुदिनी, हिमाचल प्रदेश के अनिल कुमार खांची, असम के आलोक कुमार, तमिलनाडु की बी. जोथी निर्मलासामी, महाराष्ट्र के दिनेश टी. वाघमारे, सिक्किम के के.सी. लेप्चा, जम्मू-कश्मीर के बी.आर. शर्मा, केन्द्र शासित प्रदेश दादरनागर हवेली, दमन एवं दीव के सुधांशु पाण्डे, त्रिपुरा के शरदेंदु चौधरी, गुजरात के डॉ. एस. मुरलीकृष्णन, उत्तर प्रदेश के राज प्रताप सिंह, उत्तराखण्ड के सुशील कुमार, बिहार के डॉ. दीपक प्रसाद और केरल के राज्य निर्वाचन आयुक्त ए. शाहजहाँ तथा मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव शामिल होंगे। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोगों के सचिव एवं अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे।

### ट्रक की टक्कर से चार की मौत,शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था परिवार

सिवनी के घोघरी गांव में एक ट्रक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम 5 बजे की है। धूमा थाने की पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान रहलोन निवासी घनश्याम झारिया (50) उनकी बहू सुशीला झारिया (45) और 13 वर्षीय पोती अंबिका झारिया (सुशीला की बेटी) और घनश्याम की बेटी की लडकी रामदूत झारिया (11) के रूप में हुई है। परिवार एक विवाह समारोह में शामिल होने धूमा जा रहा था। थाना प्रभारी शत्रुघ्न सिंह के अनुसार, ट्रक जबलपुर मंडी से सब्जियां लेकर हैदराबाद जा रहा था, तभी हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पलटे हुए वाहन को सीधा कर थाने लाया जा रहा है। ड्राइवर फरार है।

## अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के लिये आवेदन 5 मार्च तक आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अधीक्षक डाकघर संभाग बालाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 9 से 15 वर्ष आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जावेगा। उक्त प्रतियोगिता का विषय कल्पना करो की तुम महासागर हो। किसी को पत्र लिखो, जिसमें यह समझाओं कि वे तुम्हारी अच्छी देखभाल क्यों और कैसे करें। आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र संभाग के अधीक्षक डाकघर बालाघाट को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राएँ अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में पत्र लेखन कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता -2025 संभागीय स्तर पर 16 मार्च (रविवार) को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जावेगी।

परिमंडल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 25 हजार रूपये, 10 हजार रूपये एवं 5 हजार रूपये तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 50 हजार रूपये, 25 हजार रूपय एवं 10 हजार रूपये तथा एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन विजेता प्रविष्टियों को चयनित करेगा तथा सर्वोत्तम 3 प्रविष्टियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा, साथ ही वैश्विक डाक संघ द्वारा चयनित प्रतिभागियों को अन्य पुरस्कार भी प्रदाय किए जाएंगे। स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को वैश्विक डाक संघ के मुख्यालय बर्न, स्विट्जरलैंड की यात्रा करने का प्रस्ताव या एक वैकल्पिक पुरस्कार यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के विवेकाधिकार पर निश्चित किया जावेगा।

इस हेतु 9 से 15 वर्ष आयु तक के सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट **http://www.indiapost.gov.in** पर उपलब्ध है।

## कन्या महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. अमिता पटेल के मार्गदर्शन में एवं वनस्पति तथा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग एवं प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उपरोक्त कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम की समन्वयिका डॉ.रुचिका यदु ने अपने उद्बोधन में इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम श्विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनानाश पर जोर डालते हुए कहा कि भारत अपनी विशाल और जीवंत युवा आबादी के साथ एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है। जैसे-जैसे दुनिया बढ़ती चुनौतियों से जूझ रही है, अभिनव समाधान, वैज्ञानिक सफलताओं और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता पहले कभी इतनी नहीं रही। विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना देश की वास्तविक क्षमता को उजागर करने और इसे समृद्ध, आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर करने के लिए महत्वपूर्ण है - विकसित भारत। भारत की 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करती है। इस उम्र के युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और आदर्शवाद का उपयोग करके देश के विकास को गति दी जा सकती है, नवाचार को बढ़ावा दिया जा सकता है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया जा सकता है।हालाँकि, इसके लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें शिक्षा, कौशल विकास, मार्गदर्शन और उद्यमिता और नवाचार के अवसर शामिल हों। प्रतिभाशाली और कुशल युवाओं के एक समूह को विकसित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के बुनियादी ढांचे में निवेश करना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानमंत्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी की वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सीमा भास्कर ने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा और वनस्पति शास्त्र के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया। उन्होंने वैदिक वनस्पति शास्त्र पर जोर देते हुए वेद, रामायण एवं महाभारत जैसे धार्मिक ग्रंथो में वनस्पतियों के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने अन्य विभिन्न धार्मिक प्रथाओं में पौधों के संरक्षण पर एवं हिंदू देवी देवताओं को पूजने हेतु उपयोग में लिए जाने वाले विभिन्न पेड़ एवं उसके पदार्थों पर चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. शेष राव नवांगे के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिनमें टी-शर्ट पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रश्न मंच इत्यादि है। उपरोक्त सभी कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं और शैक्षणिक स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. पन्नालाल सनौड़िया एवं श्रीमती कल्पना इंगले का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### पीजी कॉलेज में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 28 फरवरी 2025 को मध्यप्रदेश राज्य में क्षेत्रीय पीएमआईएस दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत विद्यार्थियों को पंजीकरण और आवेदन करने की प्रक्रिया स्लाइड दिखाकर समझाई गई, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस योजना को जान सकें एवं आवेदन कर सकें। इस योजना के तहत भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने के लिए वित्तीय लाभ सहित 21 से 24 वर्ष की आयु के विद्यार्थी इंटर्नशिप कर सकेंगे। इस योजना में दसवीं, बारहवीं ,स्नातक या आईटीआई या पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा करने वाले विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को एक बार मिलने वाली वित्तीय सहायता6000 इंटर्नशिप शुरू करने पर प्राप्त होगी तथा विद्यार्थियों को हर माह मिलने वाली वित्तीय सहायता5000 इंटर्नशिप के दौरान प्रदान की जाएगी। इंटर्नशिप पूरा होने पर भागीदारी कंपनी से विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय में कक्षा बार ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई गई जिसमें इच्छुक विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर के भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के मार्गदर्शन में एसवीसीजीएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ मान सिंह बघेल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एमसी सनोडिया एवं डॉक्टर के के बरमैया का सराहनीय योगदान रहा।

## चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

उपसंचालक कृषि विकास सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य किया जाना है। औसत अच्छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं राई-सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः 5650/- रूपये प्रति क्विटल, 6700/-रूपये प्रति क्विटल, तथा 5950/- रूपये प्रति क्विटल घोषित किया गया है। उपार्जन का कार्य राष्ट्रीय उपार्जन एजेन्सी नाफेड के द्वारा किया जाना है। उपार्जन हेतु शासन द्वारा पंजीयन अवधि 20 फरवरी 2024 से 10 मार्च 2025 तक प्रस्तावित है। पंजीयन हेतु खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले की सेवा सहकारी समितियों को, विपणन समितियों को, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समितियों को एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों का निर्धारण किया गया है उक्त सभी समितियां जिले में 75 पंजीयन केन्द्रों में गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन का कार्य कर रही है। इन्हीं 75 पंजीयन केन्द्रों में गेहूँ के साथ-साथ चना, मसूर एवं राई-सरसों का पंजीयन भी किया जाना है। इन पंजीयन केन्द्रों के अलावा कृषक भाई ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपंद पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, एम.पी.किसान एप के माध्यम से भी निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा एम.पी. ऑन लाइन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेन्टर पर, लोक सेवा केन्द्र पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी शुल्क के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते है। उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ द्वारा कृषक भाईयों अपील की गई है कि वे समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं राई-सरसों के उपार्जन हेतु निर्धारित तिथी के पूर्व अपना पंजीयन करायें।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह अंतर्गत महिलाओं के विशेष रूप से आयोजित की गई कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय रिर्जब बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के अंतर्गत महिला थीम ''वित्तीय समझदारी : समृद्ध नारी'' पर विशेष रूप से महिलाओं हेतु वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन जिला पंचायत कार्यालय सभागार सिवनी में आर.बी.आई तथा लीड बैंक कार्यालय सिवनी के संयोजन से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक से उपस्थित संतोष ठाकुर द्वारा बतया गया की आज के तेजी से बदलते हुए परिवेश में वित्तीय मामलों को समझना और उनका प्रबंधन करना अब कोई विलासिता नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। यह शिविर महिलाओं को वह ज्ञान प्रदान करने के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है जिनकी उन्हें अपने वित्तीय भलाई पर नियंत्रण रखने और अपने और अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक श्री धीरज कुमार गुप्ता भारतीय रिजर्ब बैंक द्वारा समस्त उपस्थित महिलाओं को बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई गई। **घरेलू बजट की जानकारीः** कैम्प मे महिलाओं को जानकारी दी गई की वह अपने घरेलू खर्चों के हिसाब से एक निर्धारित बजट बनाये, आय और व्यय को ट्रैक करें, और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ आप बचत कर सकते हैं, जरूरतों को चाहतों से ऊपर प्राथमिकता दे और लागत कम करने के नयें तरीकों के बारे में सोचें। **खाता खोलना एवं उसका महत्वः** समस्त उपस्थित महिलाओं को बैंक खाता रखने के लाभों को समझाया गया और यह भी जानकारी दी गई कि बचत खाते कैसे खोलें और संचालित करें, बचत खातें पैसे बचाने और लेनदेन करने करने के लिए एक सुरक्षित माध्यम है। **माइक्रो सेविंग (छोटी-छोटी बचत)ः** कैम्प मे महिलाओं को छोटी-छोटी बचत की शक्ति की जानकारी एवं महत्वता को समझाया गया उन्हे बतया गया कि, नियमित रूप से बचाई गई छोटी राशि भी समय के साथ एक महत्वपूर्ण राशि में बदल सकती है। उन्हे बैंकों के माध्यम से चलाई जाने वाली विभिन्न माइक्रो-बचत योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। **अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाए रखनाः** अच्छे क्रेडिट स्कोर के महत्व को समझना और इसे कैसे बनाए रखना है. ऋण और अन्य वित्तीय उत्पादों को सुरक्षित करने के लिए एक अच्छा क्रेडिट स्कोर आवश्यक है. **विनियमित संस्थाओं से ऋण प्राप्त करनाः** ऋण के विभिन्न स्रोतों के बारे में सीखना और शिकारी उधार प्रथाओं से बचने के लिए विनियमित संस्थाओं से उधार लेने के महत्व को समझना. जिम्मेदार उधारः ऋण की शर्तों और नियमों को समझना, केवल उतना ही उधार लेना जितना आप चुका सकते हैं, और ऋण जाल से बचने के लिए समय पर भुगतान करना। कार्यक्रम के अंत, एनआरएलएम से डीपीएम राजेंद्र प्रसाद शुक्ला द्वारा स्वयं सहायता समूह के कार्यों एवं उपलब्धियों से साथ बैंकिंग के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य मे भी सहयोग की अपील की है।

## अशासकीय विद्यालयों में प्रचलित पाठ्य पुस्तकों की सूची जिले की बेबसाइट में उपलब्ध

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि पूर्व वर्ष की भांति सत्र 2025-26 के लिये भी अशासकीय विद्यालयों में प्रचलित पुस्तकें अध्ययनरत विद्यार्थियों को उचित मूल्य पर उपलब्ध हो सके इसके लिये जिला स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन किया जा सकता है, अतः जिले के अशासकीय विद्यालयों में प्रचलित निजी प्रकाशकों पाठ्य पुस्तकों की सूची सिवनी जिले की बेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है, अतः उक्त बेबसाइट पर जाकर अभिभावक एवं पुस्तक विक्रेता सूची देख सकते हैं, यदि किसी विद्यालय की सूची उपलब्ध नहीं है, तो इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय पर की जा सकती है। जारी की गई सूची में म.प्र. पाठ्य पुस्तक निगम एवं एनसीईआरटी की पुस्तकों की सूची शामिल नहीं गई है, यदि कोई अशासकीय विद्यालय गणवेश एवं पुस्तकों में बदलाव करतें हैं, तो इसकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अवश्य देंगे। सूची में अधिक पृष्ठ को दृष्टिगत रखते हुये विद्यायल का यूडाइस कोड भी उल्लेख किया गया है, अतः पीडीएफ में यूडाइस कोड के आधार पर सर्च किया जा सकता है।

## भागवत का सूत्र है जो असन्तुष्ट रहता है वही दरिद्र है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हथनापुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन शुक्रवार को कथावाचक हितेंद्र शास्त्री महाराज ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। शास्त्रीजी ने कहा कि सुदामा चरित्र श्रीमद्भागवत का बहुत महत्वपूर्ण प्रसंग है। बचपन के दो मित्र गुरुकुल से विदा होने के बाद अलग-अलग राह पर चल पड़े। एक मथुरा और उसके बाद द्वारिकाधीश बन गया। दूसरा घर गृहस्थी बसा कर भगवान का परम भक्त बन गया। सुदामा परम श्रेष्ठ ब्रह्मज्ञानी हैं। इन्द्रियों के विषयों से विरक्त रहने वाले ब्राम्हण हैं। जिनका चित्त कभी अशान्त नहीं होता। वहीं, उनकी पत्नी सुशीला पतिव्रता तो थी, परन्तु दरिद्र थी। शास्त्री ने कहा कि सुदामा को नहीं सुशीला को दरिद्र कहा। भागवत का सूत्र है जो असन्तुष्ट रहता है वहीं दरिद्र है। सुदामाजी प्रत्येक परिस्थिति में संतुष्ट हैं। परंतु गृहलक्ष्मी को आपकी और बच्चों की भी चिन्ता होती है। सुदामाजी का नियम था सुबह से शाम तक हरि भजन करना और खेतों में जाकर शिलावृत्ति करना। गरीबी से तंग सुशीला ने कहा स्वामी मैंने सुना है कि द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण ब्राह्मणों के अनन्य भक्त हैं। आप उनके पास जाओगे तो वे इतना धन देगें कि हमारी दरिद्रता दूर हो जाएगी। कथा सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों की भीड़ उमड़ रही है।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में गुरूवार 27 फरवरी को श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुटुम्ब न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में दिनांक 08 मार्च 2025 को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी दि गई। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता योजना, एसिड हमले से पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना के विषय पर जानकारी दि गई।

कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शानदार आयोजन

## कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना थीम पर नेशनल साइंस डे का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वर्ष 2025 की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना विषय पर नेशनल साइंस डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीजी कॉलेज सिवनी के बीएससी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के 50 छात्र एवं छात्राओ की उपस्थिति रही, डॉ. शेखर सिंह बघेल ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी की भौतिक विज्ञानी सी.वी. रमन द्वारा 1928 में की गई रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भारत इस अवसर को 1986 से मना रहा है, जब भारत सरकार ने रमन प्रभाव की घोषणा का सम्मान करने और देश में वैज्ञानिक मानसिकता के विकास को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया था। सीवी रमन द्वारा की गई रमन इफेक्ट की खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. भारत



हमारे वैज्ञानिक समुदाय के योगदान की सराहना करने के साथ-साथ रमन प्रभाव की खोज का जश्न मनाता है। डॉ. शेखर सिंह बघेल ने बताया, आज भारत को सतत विकसित एवं विकास की राह में पहुंचाने में विज्ञान का महत्वपूर्ण रोल है नई तकनीक, नवाचार एवं एग्रीकल्चर के क्षेत्र में नए-नए शोध के परिणाम स्वरूप आज समृद्धि एवं सफलता के नए-नए आयाम समस्त क्षेत्र में स्थापित किये जा रहे हैं परिणाम स्वरूप हमारे युवा भविष्य निर्माण में विज्ञान एवं तकनीक का बेहतर उपयोग कर अपना भविष्य निर्माण कर सकते हैं। डॉ. निखिल सिंह वैज्ञानिक द्वारा कृषि विज्ञानं केंद्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी के साथ सीड प्रोडक्शन के क्रम वार जानकारी एवं महत्व पर प्रकाश डाला, डॉ. के. के. देशमुख मृदा वैज्ञानिक द्वारा कृषि विज्ञानं केंद्र में संचालित केंचुआ खाद. अजोला उत्पादन इकाई एवं फसल संग्रहालय में प्रदर्शित नवीनतम किस्म एवं फसलों की संपूर्ण जानकारी के साथ भ्रमण कराया गया, इंजि. कुमार सोनी एवं डॉ जी के राणा के द्वारा कृषि विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम एवं कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शेखर सिंह बघेल, वैज्ञानिक डॉ. के. के. देशमुख, डॉ. निखिल सिंह, इंजि. कुमार सोनी एवं डॉ जी के राणा, पी जी कॉलेज सिवनी के जूलॉजी के प्राध्यापक डॉ पूनम अहिरवार, डॉ संदीप शुक्ला, डॉ. टी पी सागर, डॉ भावना तिवारी एवं डॉ. मनीषा सोनेकर की उपस्थिति रही।

### किसान सम्मेलन में करेंगे शिरकत; लांजी में बिरसा मुंडा प्रतिमा का होगा अनावरण
## सीएम आज करेंगे 264 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे बालाघाट में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे रेंजर कॉलेज मैदान में किसान सम्मेलन और दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री 264 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 61.93 करोड़ रुपए की नई परियोजनाओं का भूमिपूजन भी करेंगे। कार्यक्रम में 2520 दिव्यांगजनों को 2 करोड़ 64 लाख रुपए के सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

प्रमुख परियोजनाओं में 7.26 करोड़ की लागत से निर्मित हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान का लोकार्पण शामिल है। वारासिवनी में 100 बिस्तरीय अस्पताल का भूमिपूजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल का सांसद भारती पारधी ने भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे और अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री लांजी में कोटेश्वर महोत्सव में भी शामिल होंगे। वे प्राचीन कोटेश्वर मंदिर में पूजा करेंगे और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। रानी अवंतीबाई स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे।

#### इनका भी करेंगे लोकार्पण

विकास कार्यों में 20 आंगनवाड़ी केंद्र, 8 हाईस्कूल, 4 सीएम राइज स्कूल, 4 छात्रावास, 4 सड़कें और 3 नए विद्युत उपकेंद्र सहित कुल 78 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इस दौरान कई योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ भी वितरित किए जाएंगे।

### एक माह तक मुस्लिम रोजदार रखेंगे रोजा, पूरे माह चलेगा इबादत का दौर
## इबादत के पवित्र माह रमजान की मार्च में आमद

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** इस्लाम धर्म के पांच प्रमुख फर्ज में रोजा एक फर्ज है। जो माहे रमजान की आमद के साथ पूरा एक माह रखा जाता है, इबादत के महिना रमजान की आमद होने वाली है। जिसका पहला रोजा संभवतः 02 मार्च को होगा। उक्ताशय की जानकारी हाजी शोएब खान ने देते हुए बताया कि रमजान के पवित्र माह में पांचो वक्त की नमाज के अलावा तराबी की विशेष नमाज भी पढ़ी जाती है।

इस्लाम धर्म के अनुसार रमजान महिने के पूरे रोजे रखना हर मुसलमान पर फर्ज है, रोजे का अर्थ होता है रूकना, परहेज करना और दूर रहना, क्योंकि रोजदार सुबह सूरज निकलने से पहले और सूरज डूबने तक खाने-पीने और दूसरी तमाम बुराईयों से परहेज करता है। अगर कोई रोजदार इस समय के दौरान कुछ खा ले, पी ले या दूसरी ख्वाहिश पूरी कर ले तो उसका रोजा टूट जाता है।



मुस्लिम जानकार हाजी शोएब खान बताते है कि इसी पवित्र माह रमजान में अल्लाह की पवित्र किताब ''कुरान'' पैगंबर हजरत मोहम्मद पर उतारी गई। जिसमें पूरी दुनिया के लोगों की भलाई और बेहतरी तथा अमन, शांति का संदेश दिया गया।

माहे रमजान के पूरे माह में कुछ खास तारीखें है, जिनको धर्मावलंबी और रोजदार, उन दिनों को बड़े ही अकीदत के साथ मनाते है। जिसमें माहे रमजान के पहले रोजे को गौसे आजम की यौमे पैदाईश है, इसी के साथ तीसरे, सत्रवें रोजे, इक्कीसवें रोजे एवं सत्ताईसवे रोजे का रमजान के महिने में विशेष महत्व है।

माहे रमजान की आमद को लेकर जिले के मुस्लिम धर्मावलंबियो को बेसब्री से इंतजार था और वह घड़ी नजदीक आ गई है। माहे रमजान को लेकर मस्जिदो को सजाया जा रहा है और पूरे महिने की विशेष इबादत के लिए माकूल इंतजाम भी किए जा रहे है। इसी क्रम में जिले की सभी मस्जिदो में हाफिजे कुरान, तरावी के रूप में कुरान सुनाने के लिए तैयार है और यह सिलसिला पहले रोजे से सत्ताईसवें रोजे तक चलेगा। माहे रमजान में रोजदारों के लिए सेहरी और इफ्तारी का दौर प्रारंभ हो जाएगा।रजा एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने जिले के मुस्लिम धर्मावलंबियों से कहा कि रोजदार पूरे इत्मीनान, सुकुन और सब्र के साथ इबादत करें। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से अपील की है कि रमजान पर्व पर पूरे जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में समुचित व्यवस्था की जाए।

## सरेखा रेलवे क्रॉसिंग बंद, राहगीरों को अंडरपास से गुजरना होगा
### ओवरब्रिज का काम जुलाई 2025 तक पूरा होगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में सरेखा रेलवे क्रॉसिंग शुक्रवार रात 12 बजे से हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। रेलवे विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। अब यात्रियों को आवागमन के लिए अंडरपास का उपयोग करना होगा।

नैरोगेज ट्रेन की शुरुआत के समय बना यह क्रॉसिंग अब इतिहास बन जाएगा। बालाघाट-गोंदिया रोड पर स्थित यह क्रॉसिंग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग रहा है। नैरोगेज से ब्रॉडगेज में परिवर्तन के बाद भी इसका महत्व कम नहीं हुआ।

सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुन सिंह सनोडिया के अनुसार, सरेखा ओवर ब्रिज का 75 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सरेखा बायपास की तरफ बन रहे ब्रिज में बेयरिंग कोड का काम समाप्त हो गया है। सरेखा की ओर ओवरब्रिज की रिटेनिंग वॉल का काम अभी बाकी है।

गोंदिया रोड की तरफ का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। सर्विस रोड सहित अन्य कार्यों को जुलाई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वैकल्पिक मार्ग के रूप में अंडरपास ब्रिज पहले से ही बनकर तैयार है। रेलवे विभाग के कर्मचारी क्रॉसिंग को बंद करने की तैयारियों में जुट गए हैं।

## शास. महा. लामता में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

27फरवरी को शासकीय महाविद्यालय लामता में राष्ट्रीय हरित कोर क्लब के तत्वाधान में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर सुनीता वैद्य की अध्यक्षता में इको क्लब प्रभारी डॉक्टर चंद्रशेखर कटरे एवं सदस्यों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ मां सरस्वती जी एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वल एवं माल्याअर्पण से किया गया। कार्यशाला के संचालन हेतु प्रशिक्षक श्री शैलेंद्र भटरे एवं श्री सोनू राव को आमंत्रित किया गया जो छात्राओं को बॉस से निर्मित शिल्प सामग्री के विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है कार्यशाला में श्री सुंदरलाल बिसेन डॉक्टर डुलेश्वरी टेंभरे एवं श्रीमती चित्रमाला भीमटे एवं सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ-साथ सभी छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्रीमती राजेश्वरी त्रिपाठी के द्वारा किया गया। जिसमें छात्र, छात्राओं ने बॉस से निर्मित शिल्प सामग्री में बैंबू बॉटल, फ्लावर पॉट, कि चैन इयररिंग , साउंड बूस्टर, मोबाइल होल्डर एवं अन्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण लिया जा रहा है।

## शिवसाई मंदिर में 9 दिवसीय महापुराण कथा



**बालाघाट।** बालाघाट के श्री शिवसाई मंदिर में 20 फरवरी से चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा और रुद्री निर्माण का कार्यक्रम 28 फरवरी को समापन हुआ।

कथावाचक पंडित परिणित कृष्णा दुबे ने नौ दिनों तक व्यासपीठ से शिव महापुराण की कथा सुनाई। इस दौरान पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। साथ ही, 21 हजार 700 रुद्राक्ष से रुद्रेश्वर शिवलिंग बनाया गया। इन रुद्राक्षों को 24 हजार मंत्रों से अभिमंत्रित कर शिवभक्तों में वितरित किया गया।

समापन दिवस पर विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। 1 मार्च को दोपहर 1 बजे से रात तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी श्रद्धालुओं से महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### बाहर काम पर जाने वालों की जानकारी रजिस्टर में दर्ज करवाने के लिए कोटवारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बालाघाट।** बाहर काम पर जाने वालों की जानकारी रजिस्टर में दर्ज करवाने के लिए कोटवारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें श्रम विभाग और आवाज संस्था बालाघाट द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में कोटवारों को आवक जावक रजिस्टर के रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ हि कैसे पंचायत मिलकर आवक जावक रजिस्टर का रखरखाव कर सकती है और मासिक जानकारी संधारित कर सकती है। यह भी बताया गया कि कौन व्यक्ति गया, कहां गया, किसके साथ गया, और कब गया, जिसने ले गया उसकी सारी जानकारी के साथ सभी जरूरी बातें जिनका रिकॉर्ड रखना है। प्रशिक्षण में लेबर डिपार्टमेंट से श्रम निरीक्षक श्री राकेश ठाकरे ने कहा कि अन्य राज्यों में काम के लिए जा रहे मजदूर साथियों को अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के विषय में भी सोचना अति आवश्यक है। उन्होंने शासन की अन्य हितकारी योजनाओं जैसे संबल योजना और श्रमिक कार्ड पर भी जानकारी दी।

### सहकारी समिति बालाघाट के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**बालाघाट।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने सहकारी समिति बालाघाट के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति बालाघाट के लिए वनपाल श्री सुखलाल चौरीवार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। जहाँ पर निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार सहकारी समिति बालाघाट सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तिथि 5 मार्च, प्रकाशित सदस्यता सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12 मार्च, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों की निराकरण व अंतिम सदस्यता सूची के प्रकाशन की तिथि 13 मार्च, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तिथि 17 से 18 मार्च तक , रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण की तिथि 26 मार्च और राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने का कार्य 28 मार्च को संपन्न किया जाएगा।

### तहसील स्तरीय आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यक्रम का द्वितीय दिवस सम्पन्न

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशसानुसार तहसील किरनापुर के उत्कृष्ट विद्यालय में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन पर जनजागृति कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड व नोडल अधिकारी श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में श्री श्याम सिंह धुर्वे प्लाटून कमाण्डर एवं आपदा टीम द्वारा अग्निशमन, भूकम्प लू, ताप, वज्रपात, सर्पदंश, बाढ़ जैसे आपदाओं से सावधानियाँ के बारे म बताया गया। साथ ही बचाव की तकनीक एवं मध्यप्रदेश सरकार के मौसम के पूर्वानुमान सूचना संबंधी महत्वपूर्ण ऐप दामनी एवं सचेत ऐप के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में आपदा से संबंधित जागरूकता अभियान आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर प्राचार्य सुश्री बबीता सूर्या , समस्त स्टाप, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था के सदस्य, आँगनवाडी की सहायिका एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही एसडीईआरएफ की टीम उपस्थित रहीं।

### 3 लाख का सामान जला, ग्रामीणों और सुरक्षाबलों ने पाया काबू
## बिठली में जनरल स्टोर में शॉर्ट सर्किट से आग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के आदिवासी अंचल बिठली में एक जनरल स्टोर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। दुकान से उठती आग की लपटों को देखकर ग्रामीण और सुरक्षाबलों के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। सभी की संयुक्त कोशिशों से आग पर काबू पा लिया गया।

दुकान के मालिक निलेश हरिंद्रवार के अनुसार, आग से लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान में रखा फ्रिज, किराना सामान, पंखा, सीसीटीवी कैमरा और कोल्ड ड्रिंक की बोतलें जलकर राख हो गईं। साथ ही चार्जिंग पर रखी सेल की पीओएस मशीन भी जल गई।

बिठली पुलिस चौकी के पास स्थित इस दुकान में आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि अगर समय रहते नियंत्रित नहीं की जाती, तो आसपास की दुकानों और मकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर बना शोभा की सुपारी
## हवा में जहर बनकर घुल रहा शहर का कचरा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



2 अक्टूबर 2014 को देश भर में एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत हुई. इस मिशन के तहत नगर परिषद कटंगी हर वर्ष कई लाख रुपए खर्च कर रही है बावजूद इसके वह शहर से निकलने वाले कचरे के सुरक्षित निष्पादन करने में पूरी तरह से विफल है. प्रतिदिन शहर से निकलने वाले करीब 10 टन कचरे को खजरी भालवा नाले के पास डंपिंग साइट पर खुले में डंप किया जा रहा है. जिसे आग के जरिए नष्ट किया जाता है जिससे शहर और पास के ही खजरी गांव के एक टोले की हवा और पानी प्रदूषित हो रहा है. कचरे को आग के हवाले करने से हवा जहरीली हो रही है. जिस कारण वहां खड़े रहकर सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है. वहीं बरसात के दिनों में बारिश के पानी के साथ कचरे का जहरीला पदार्थ भू-गर्भ जल को प्रदूषित कर रहा है. जिससे नाले में जहरीला पानी प्रवाहित होता है. वहीं खजरी के टोले में जो पेयजल स्रोत है उनके पानी की मिठास कम होती जा रही है. इस प्रकार दूषित हवा और पानी लोगों की सेहत को खराब कर रहा है. दूसरी तरफ नगर परिषद करीब 08 वर्षों में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर को बिजली के अभाव में शुरू नहीं कर पाई है. सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव कहते है कि बिजली के टेंडर की प्रक्रिया पूरी की गई है तकनीकी स्वीकृति ले ली गई है जल्द ही सेंटर शुरू किया जाएगा।

**करीब 18 लाख रुपए सेंटर निर्माण में हुए खर्चः** ताज्जुब की बात तो यह है कि मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर में स्थापित मशीनें बिजली से चलती है. यह बात नगर परिषद को मालूम थी. बावजूद इसके जिम्मेदारों ने सेंटर के निर्माण से पहले या निर्माण के बाद बिजली की व्यवस्था नहीं की गई. जब सेंटर को शुरू किया गया तब भी जनरेटर की मदद से कुछ दिन सेंटर में कचरे का निस्तारण किया गया. एक अनुमान के मुताबिक जितना डीजल जनरेटर के नाम पर खर्च किया गया होगा उतने में तो आसानी से बिजली का कनेक्शन कर लिया जाता. अभी करीब 07 वर्षों से सेंटर शोभा की सुपारी बना हुआ है जबकि कुछ महीने पहले ही अज्ञात चोरों ने सेंटर से मशीनों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. खैर, ऐसा कोई ठोस आंकड़ा तो नहीं है. मगर एक अनुमान के मुताबिक शहर के सभी 15 वार्डों से प्रतिदिन करीब 10-15 से टन कचरा निकलता है. शहर की सड़कों को कचरा से मुक्त करने वाली व्यवस्था ही नियोजित तरीके से काम कर रही है. नतीजतन अव्यवस्था के कारण शहर की हवा में जहर घुल रहा है।

**मक्खी और मच्छरों को बढ़ गया प्रकोपः** खुले में कचरा कई तरह से मानव जीवन को प्रभावित करता है. कचरा के सड़ने के बाद उसमें से हानिकारक केमिकल निकलता है. इससे मानव शरीर पर एक्जिमा या वायरल रोग हो सकता है. कचरा सड़ने पर कार्बन डाइआक्साइड व कार्बन मोनोआक्साइड मिथेन गैस निकलता है. इस कारण संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ता है. वहीं कचरा जलाने पर शहर का एयर इंडेक्स खराब होता है. इससे सांस से संबंधित बीमारी होने का खतरा बना रहता है. जबकि कचरे में फेंके गए सड़े खाद्य पदार्थ के खाने से बेसहारा पशु बीमार होते हैं।

गीला कचरा से मच्छर का प्रकोप फैलता है. इस कारण चिकनगुनिया व डेंगू होने का खतरा बना रहता है. वहीं लंबे समय तक जमा कचरा ऑक्सीजन को हानिकारक नाइट्रोजन में बदल देता है, इसका मानव जीवन पर बहुत ही खराब प्रभाव होता है. खजरी के टोले के ग्रामीणों ने बताया कि खुले में कचरा फेंके जाने से उनके टोले में मच्छर और मक्खी का प्रकोप बढ़ गया है. सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीण मक्खी और मच्छरों से परेशान है।

#### इनका कहना है-

खुले में पॉलीथिन नहीं जलाई जा रही है. सेंटर में बिजली पहुंचाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. शीघ्र ही सेंटर शुरू हो जाए इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

**रवि प्रकाश श्रीवास्तव**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**

## तहसील स्तरीय आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किडनेपोर की सभा कक्ष में श्री मृणाल मीना IAS कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशानुसार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण म०प्र० गृह विभाग भोपाल के द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में आज दिनांक 28.फरवरी.2025 को तहसील किरनापुर के उत्कृष्ट विद्यालय में सुश्री बबीता सूर्या नायब (तसीलदार), समस्त स्टाप, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था के सदस्य , आंगनवाड़ी की सहायिका एवं आशा कार्यकर्ताओं आदि के लाभाग 45 लोगों की उपस्थिति में श्रीमति रजनी खटीक डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड बालाघाट नोडल अधिकारी आपदा प्रबंधन के मार्गदर्शन मे श्री श्याम सिंह धुर्वे प्लाटून कमाण्डर एवं आपदा टीम द्वारा अग्निशमन,भूकंप,लू ताप, वज्रपात, सर्पदंश बाढ़ जैसे आपदाओं के सावधानियां एवं बचाव की तकनीक एवं मध्यप्रदेश सरकार के मौसम के पूर्वानुमान सूचना संबंधी महत्वपूर्ण ऐप दामनी एवं, सचेत ऐप के बारे जानकारी दी गई । जनजागृता टीम में एसडीईआरएफ क्रमांक 1205 राजेश धुर्वे क्रमांक 1204 विशेष कुतराहे क्रमांक 205 लखन सिंह चौहान क्रमांक 10 योगेश बघेल क्रमांक 219 श्यामचरण सिंह राठौर वाहन चालक सैनिक क्रमांक 27 देवेंद्र गेडाम थाना किरनापुर से नायक 274 यशवंत गभने चेतन इंडपांचे उपस्थित रहे।



### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर हुआ आयोजित

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश व सचिव श्री सतीष शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया कि भारत का संविधान महिलाओ को समानता का दर्जा प्रदान करता है परन्तु हमारे देश में घटित होने वाले अपराधो का विश्लेषण करे तो स्पष्ट होता है कि महिलाओं से संबधित अपराधों में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए कठोर से कठोरतम कानून बनाए गए है।

## दि बुद्धिष्ट सोसाइटी लांजी का पुनर्गठन कल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दि बुध्दिष्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया भारतीय बौध्दो की सर्वोच्च धार्मिक व सामाजिक संस्था की राष्ट्रीय पेट्रान बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी की पुत्रवधु परम आदरणीय महाउपासिका मीराताई जी आम्बेडकर इनके नेतृत्व व निर्देश से भारत देश के 24 राज्यों में धम्मसंस्था द्वारा नियमित रूप से बौध्द धम्म का कांरवा निरंतर गतिमान किया जा रहा है। इसी क्रम में मीराताई व डॉ.भीमराव यशवंत राव अम्बेडकर सहेब मुंबई के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में डॉ.चरनदास ढेंगरे जी के कुशल नेतृत्व में संस्था के माध्यम से धम्म कार्य निरंतर गतिमान हो रहा है। इसी क्रम में बालाघाट जिले की लांजी तहसील शाखा का कार्यकाल समाप्ति पश्चात पुनर्गठन (निर्वाचन) का कार्यक्रम दिनाँक 2 मार्च 2025 को लांजी मुख्यालय के बुध्दघोष बुध्द विहार दखनी टोला में दोपहर 12 बजे से संस्था के मप्र अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी के मुख्यातिथ्य में जिलाध्यक्ष एस एल रंगारे जी बालाघाट की अध्यक्षता में संपन्न होगा। प्रमुख अतिथि के रूप में राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव कार्य. मप्र,विशेष अतिथि के रूप में खुशियाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव अशोक मेश्राम-के के भालाधरे-धरम श्यामकुंवर,जिला संगठक पी डी भालाधरे-आनंद वैद्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। यह पुनर्गठन (निर्वाचन) धम्म संस्था के संविधान अनुसार मनोनीत पध्दति से संपन्न होगा।निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक सदस्य को सहपरिवार संस्था सदस्य बनना अनिवार्य होगा। लांजी तहसील में बोधिसत्व डॉ बाबा साहेब जी के परिकल्पना के अनुसार तहसील के प्रत्येक ग्राम में संस्था की शाखाएँ बनाकर गाँव के प्रत्येक धम्म बंधुओं को संस्था का सदस्य बनाकर धम्म कार्य नियमित गतिमान करने हेतु इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए जिलाध्यक्ष एस एल रंगारे जी एवं तहसील अध्यक्ष बी आर रामटेके जी द्वारा तहसील के सभी धम्म उपासक व उपासिकाओं की उपस्थिति की अपील की गई है।

